an>

Title: Need to undertake construction of roads under Hardoi parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से जनहित में माननीय ग्रामीण विकास पंचायती राज एवं पेयजल और स्वच्छता मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वर्ष 2013-14 व 2014-15 में सम्मानित सांसदगणों के प्रस्तावों पर कौन-कौन से मार्ग निर्माण कार्य कराये गये हैं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र हरदोई (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत सम्पर्क मार्गों का निर्माण कार्य कराने के लिए अपने पत्र दिनांक 13.11.2014, 30.11.2014, 31.10.2014 व 08.08.2015 से इनह मार्गों के निर्माण हेतु अनुरोध कर चुका हूं लेकिन सरकार के दो वित्तीय वर्ष गुजर जाने के बाद भी लंबित प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया गया है। क्षेत्रीय को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। यह मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिससे किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों के आवागमन में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में निम्नलिखित मार्गों का सीएसआर/सीएनसीपीएल के अनुसार निर्माण कार्य कराने की कृपा की जाये :-

1. श्रीमऊ से उमरौली जेतपुर
2. पाली नगर से लौकहा हथौड़ा
3. कटियरा से दौलतपुर तिराहा
4. ग्राम सादुल्लापुर से सैंतियापुर
5. ग्राम पेंग से थमरवा, शाहपुर बिनौरा
6. दौलतपुर से थमरवा
7. ग्राम कनकापुर से ग्राम संगरावॉ
8. ग्राम बेलाकपूरपुर से टेनी नहर पटरी